# PAPER-III
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 9 1 4**

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## EDUCATION
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Rationalism was a movement which advocated
(A) a faith in the power of unaided reason
(B) the reconciliation of Church dogmas with new science.
(C) the substitution of Aristotelian authority for the Church.
(D) None of the above

**2.** The educative experience is desirable to the
(A) pragmatist, only if, on the whole it is acceptable to the pupil.
(B) realist, only if it is pleasurable and practical for the pupil.
(C) idealist only if it is effective in attaining immediate goals.
(D) reconstructionist, only if it helps the pupil earn a living.

**3.** Which of the following is not an aim of education according to Jain Philosophy ?
(A) Samyak Jṇāna (Right knowledge)
(B) Samyak Samkalpa (Right determination)
(C) Samyak Darshan (Right faith)
(D) Samyak Charitra (Right conduct)

**4.** Stratification in society is based on
(A) Power, Property and Prestige
(B) Culture, Caste and Class
(C) Education, Learning and Empowerment
(D) Motivation, Mobility and Material possession

**5.** Social change is a change in
(A) Social Relationships
(B) Social Achievement
(C) Social Values
(D) Civilization

**6.** In socialization, the teacher should play the role of
(A) An agent
(B) An administrator
(C) A counsellor
(D) All of the above

**7.** The real carriers of heredity are
(A) The Chromosomes
(B) The Genes
(C) The Nucleus of the cell
(D) DNA

**8.** Social development is essentially a matter of
(A) Conformity to the demands of the social order
(B) Achievement of social security and acceptance
(C) Integration of ones purposes with those of the social order
(D) The development of social skills

**9.** Which of the following best describes the process of growth and development ?
(A) It is entirely physical and physiological.
(B) It is pre determined by heredity.
(C) All of its aspects are highly inter-related.
(D) It is essentially an individual phenomenon, different from person to person.

**10.** Structure of Intellect (SI model) is evolved by
(A) Thurstone (B) Guilford
(C) Spearman (D) Gardner

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** तर्कबुद्धिवाद एक आंदोलन था जिसने हिमायत की थी

(A) विशुद्ध तर्क की शक्ति में आस्था की

(B) नवीन विज्ञान के साथ गिरजा-धर्म सिद्धांतों के सामंजस्य की

(C) चर्च के लिए अरस्तू सम्मत प्राधिकार के प्रतिस्थापन की

(D) उपर्युक्त में किसी की नहीं

**2.** शिक्षाप्रद अनुभव

(A) प्रयोजनवादी को, केवल तभी वांछनीय है जब यह छात्रों को समग्ररूप से स्वीकार्य हो ।

(B) यथार्थवादी को, केवल तभी वांछनीय है जब यह छात्रों के लिए आनंददायक और व्यावहारिक हो ।

(C) आदर्शवादी को, केवल तभी वांछनीय है जब यह तात्कालिक लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रभावकारी हो ।

(D) पुनर्रचनावादी को, केवल तभी वांछनीय है जब वह छात्रों को जीवन निर्वाह हेतु कमाई करने में सक्षम बनाता हो ।

**3.** जैन दर्शन के अनुसार निम्नलिखित में से कौन शिक्षा का एक उद्देश्य नहीं है ?

(A) सम्यक् ज्ञान (उचित ज्ञान)

(B) सम्यक् संकल्प (उचित संकल्प)

(C) सम्यक् दर्शन (उचित आस्था)

(D) सम्यक् चरित्र (उचित आचरण)

**4.** समाज में स्तरीकरण किस पर आधारित है ?

(A) शक्ति, सम्पत्ति तथा प्रतिष्ठा

(B) संस्कृति, जाति तथा वर्ग

(C) शिक्षा, अधिगम तथा सशक्तिकरण

(D) अभिप्रेरण, गतिशीलता तथा भौतिक स्वामित्व

**5.** सामाजिक परिवर्तन, परिवर्तन है

(A) सामाजिक संबंधों में

(B) सामाजिक उपलब्धियों में

(C) सामाजिक मूल्यों में

(D) सभ्यता में

**6.** समाजीकरण में शिक्षक को भूमिका निभानी चाहिए

(A) अभिकर्ता की

(B) प्रशासक की

(C) परामर्शदाता की

(D) उपर्युक्त सभी की

**7.** आनुवंशिकता के वास्तविक वाहक हैं

(A) गुणसूत्र

(B) जीन्स

(C) सेल का केंद्रीय भाग

(D) डी एन ए

**8.** सामाजिक विकास अनिवार्यत: ________ विषय है ।

(A) सामाजिक व्यवस्था की माँग के प्रति समनुरूपता

(B) सामाजिक सुरक्षा तथा स्वीकार्यता की उपलब्धि

(C) सामाजिक व्यवस्था के साथ अपने उद्देश्यों का एकीकरण

(D) सामाजिक कौशलों का विकास

**9.** प्रगति एवं विकास की प्रक्रिया का सर्वोत्तम वर्णन कौन सा विकल्प करता है ?

(A) यह पूर्णतया भौतिक और शारीरिक हैं ।

(B) यह आनुवंशिकता द्वारा पूर्व-निर्धारित होता है ।

(C) इसके सभी पहलू अत्यंत अंतर्संबंधित होते हैं ।

(D) यह अनिवार्यत: एक वैयक्तिक परिघटना है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होती है ।

**10.** प्रज्ञा की संरचना (एस.आई. मॉडल) का विकास किसने किया ?

(A) थर्सटोन (B) गिलफोर्ड

(C) स्पियरमैन (D) गार्डनर

**11.** An intelligent child is characterised by
(A) Creative and Divergent thinking
(B) Critical and convergent thinking
(C) Critical, creative and convergent thinking
(D) All of the above

**12.** Constructivist learning is advocated by
(A) Jean Piaget
(B) Leu Vygotsky
(C) B.F. Skinner
(D) Kohler

**13.** Eysenck measured personality based on
(A) Type and Traits
(B) Type only
(C) Traits only
(D) None of the above

**14.** 'Humanist theory' of personality is advocated by
(A) McDougal (B) Maslow
(C) Rogers (D) Guilford

**15.** Match the following in List – I with that of List – II in the correct order :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Freud | i. Directive counseling |
| b. Williamson | ii. Free Association |
| c. Rogers | iii. Free wheeling |
| d. Gordon | iv. Non-directive counseling |
| | v. Eclectic counseling |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | v |
| (B) | ii | i | v | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | i | v |

**16.** When working with children with disabilities it is important for the counselor to enhance school based services by doing so, the counselor is taking on the role of
(A) Investigator
(B) Collaborator
(C) Psychologist
(D) Coordinator

**17.** The psychotherapeutic method of guidance involves in :
(A) Emphasizes the use of the cumulative record
(B) Supports the giving of advice to the counsele
(C) Places confidence in the pupils ability to solve his/her own problems
(D) Is the destructive method of counseling pupils.

**18.** In counseling with pupil, a teacher should
(A) plan to do most of the talking
(B) establish rapport with the pupil
(C) refrain from giving him information
(D) assume responsibility for solving his problems.

**19.** In experimental research hypothesis are formulated
(A) before the experiment.
(B) during the experiment.
(C) after the experiment.
(D) none of these.

**20.** Type-I error, in the testing of a null hypothesis, occurs when the researcher
(A) rejects it when it is true
(B) accepts it when it is false
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

**21.** Which of the following is wrong ? Hypothesis can be formulated using
(A) the established theories.
(B) the findings of previous research.
(C) experience of the researcher.
(D) the results of the same study.

**11.** एक बुद्धिमान बालक का अभिलक्षण है

(A) सर्जनात्मक एवं अपसारी चिंतन

(B) आलोचनात्मक एवं अभिसारी चिंतन

(C) आलोचनात्मक, सर्जनात्मक तथा अभिसारी चिंतन

(D) उपर्युक्त सभी

**12.** रचनावादी अधिगम (कंस्ट्रक्टिविस्ट लर्निंग) का पक्षधर कौन हैं ?

(A) जीन पियाजे (B) लेव विगोत्सकी

(C) बी.एफ. स्किनर (D) कोहलर

**13.** आइसेंक ने व्यक्तित्व की माप किसके आधार पर की थी ?

(A) प्रकार तथा विशेषक

(B) केवल प्रकार

(C) केवल विशेषक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** व्यक्तित्व के मानवतावादी सिद्धांत का पक्षधर कौन हैं ?

(A) मैकडुग्गल (B) मास्लो

(C) रोजर्स (D) गिलफोर्ड

**15.** सूची - I की मदों को सूची - II की मदों से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | फ्रायड | i. | निदेशात्मक उपबोधन |
| b. | विलियम्सन | ii. | मुक्त साहचर्य |
| c. | रोजर्स | iii. | फ्री व्हिलिंग |
| d. | गॉर्डन | iv. | अनिदेशात्मक उपबोधन |
| | | v. | संकलक उपबोधन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | v |
| (B) | ii | i | v | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | i | v |

**16.** नि:शक्त बच्चों के साथ कार्य करते समय परामर्शदाता के लिए यह आवश्यक है कि वह विद्यालय आधारित सेवाओं को बढाएँ । ऐसा करके परामर्शदाता निम्नलिखित को कार्य सौंपता है

(A) जाँचकर्ता को (B) सहकर्ता को

(C) मनोविज्ञानी को (D) समन्वयक को

**17.** मार्गदर्शन की मनश्चिकित्सा विधि में निम्नलिखित शामिल होता है :

(A) संचयी अभिलेख के प्रयोग पर बल देना ।

(B) उपबोध्य (काउंसली) को सलाह देते हुए सहयोग देना ।

(C) विद्यार्थी की योग्यता में विश्वास रखना कि वह अपनी समस्या का स्वयं समाधान करेगा ।

(D) क्या विद्यार्थी को परामर्श देने की कोई विकर्षक विधि है ।

**18.** विद्यार्थी को परामर्श देते समय अध्यापक को चाहिए कि वह

(A) प्राय: बोलने की योजना बनाए ।

(B) विद्यार्थी के साथ घनिष्ठता स्थापित करें ।

(C) उसे जानकारी देने से बचें ।

(D) उसकी समस्या के समाधान की जिम्मेदारी ले ।

**19.** प्रयोगमूलक अनुसंधान की प्राक्कल्पना का निरूपण कब किया जाता है ?

(A) प्रयोग से पहले

(B) प्रयोग के दौरान

(C) प्रयोग के बाद

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निराकरणीय प्राक्कल्पना की जाँच में टाइप-I त्रुटि तब उत्पन्न होती है जब अनुसंधानकर्त्ता

(A) सही होने पर भी इसे अस्वीकृत कर देता है ।

(B) गलत होने पर भी इसे स्वीकार कर लेता है ।

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) न (A) न ही (B)

**21.** निम्नलिखित में से कौन सा गलत है ? प्राक्कल्पना का निरूपण ________ का उपयोग कर किया जा सकता है ।

(A) स्थापित सिद्धांतों

(B) पूर्व-अनुसंधान के निष्कर्षों

(C) अनुसंधानकर्त्ता के अनुभव

(D) उसी अध्ययन के निष्कर्षों

22. A researcher conducted three experiments with 100 subjects each following uniform design instead of one experiment with 300 subjects. This is known as
(A) Replication
(B) Manipulation
(C) Observation
(D) Validation

23. Which of the following is not a characteristic of naturalistic inquiry ?
(A) Data Triangulation
(B) Prolonged stay in the field
(C) Both (A) and (B)
(D) Quantification of results

24. Internal criticism of historical data refers to
(A) establish authenticity of data source
(B) establish validity of the contents of data
(C) both (A) and (B)
(D) none of these

25. The mid day meal programme for pre-schools initiated with a view to
(A) increase enrollment
(B) involve community
(C) engage teachers
(D) increase the employment

26. The official organ of the U.S. Office of education is
(A) School News
(B) School Life
(C) The Educator
(D) School and Society

27. The main agency engaged in vocationalization of education in U.S.A.
(A) Private Enterprise System
(B) U.S. Department of Labour
(C) Formal Education System
(D) All of the above

28. The core-curriculum does not emphasize
(A) democratic procedures
(B) problem solving
(C) a well defined body of subject matter
(D) integration of different subject matter

29. The core curriculum consist of the
(A) subject matter children must learn in school
(B) subject offered by the school authorities
(C) total experiences in the school programme
(D) unit and lesson plans prep. by the teachers

30. A curriculum maker interested in designing a functional curriculum would need an understanding of
(A) Educational philosophy
(B) Psychological principles
(C) Pedagogical procedures
(D) All of the above

31. Who initiated the Bureaucratic approach in the field of administration ?
(A) F.W. Taylor (B) M.Weber
(C) Mary Parker (D) Elton Mayo

32. Educational planning relates to
(A) choosing the best course of action for achieving the educational objectives.
(B) recruitment of teachers.
(C) checking the performance is in conformity with laid down standards.
(D) motivating the subordinates.

33. A school supervisor has responsibility to
(A) help the school in its development.
(B) observe the classroom teaching and suggest improvements if required.
(C) develop the teaching-learning material.
(D) All of the above

22. एक अनुसंधानकर्ता ने एकसमान अभिकल्प को अपनाते हुए 300 विषयों के साथ एक प्रयोग करने के बजाय प्रत्येक 100 विषयों के साथ तीन प्रयोग किए हैं । इसे निम्नलिखित में से किसके रूप में जाना जाता है ?
(A) पुनरावृत्ति
(B) कार्य-साधन
(C) पर्यवेक्षण
(D) विधिमान्यकरण

23. निम्नलिखित में से कौन सी सहज जाँच की विशेषता नहीं है ?
(A) आँकड़ों का त्रिभुजन
(B) क्षेत्र में लंबे समय तक रहना
(C) (A) और (B) दोनों
(D) परिणामों का परिमाणीकरण

24. ऐतिहासिक आँकड़ों की आंतरिक आलोचना से तात्पर्य है
(A) आँकड़ों के स्रोत की प्रामाणिकता स्थापित करना ।
(B) आँकड़ों की विषयवस्तु की विधिमान्यता स्थापित करना
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

25. प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना का प्रारम्भ किया गया
(A) नामांकन में वृद्धि के लिये
(B) समुदाय की सहभागिता के लिये
(C) शिक्षकों को व्यस्त रखने के लिये
(D) रोजगार में वृद्धि के लिये

26. यू.एस. के शिक्षा विभाग का विभागीय अंग है
(A) विद्यालयी समाचार
(B) विद्यालयी जीवन
(C) शिक्षक
(D) विद्यालय और समाज

27. संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) में व्यावसायीकरण में संलग्न मुख्य अभिकरण है
(A) प्राइवेट इंटरप्राइज सिस्टम (निजी उद्यम संस्थान)
(B) अमेरिका का श्रम विभाग
(C) औपचारिक शिक्षा व्यवस्था
(D) उपर्युक्त सभी

28. मूल पाठ्यचर्या किस पर बल नहीं देती ?
(A) प्रजातांत्रिक प्रक्रियाओं
(B) समस्या-समाधान
(C) विषय-वस्तु का सुपरिभाषित पिण्ड
(D) विभिन्न विषय-वस्तु का एकीकरण

29. मूल पाठ्यचर्या में क्या होता है ?
(A) ऐसी विषय-वस्तु जिसे बच्चे विद्यालय में अनिवार्यत: सीखें
(B) विद्यालय अधिकारियों द्वारा नियत विषय
(C) विद्यालय के कार्यक्रम में सकल अनुभव
(D) अध्यापकों द्वारा तैयार की गई इकाइयाँ एवं पाठयोजना

30. क्रियात्मक पाठ्यचर्या के अभिकल्प में रुचि रखने वाले पाठ्यचर्या निर्माता को किसकी समझ की आवश्यकता होती है ?
(A) शिक्षा दर्शन
(B) मनोवैज्ञानिक सिद्धांत
(C) शिक्षकीय प्रक्रियाएँ
(D) उपर्युक्त सभी

31. प्रशासन के क्षेत्र में नौकरशाहीपरक (ब्यूरोक्रेटिक) उपागम का आरंभ किसने किया ?
(A) एफ.डब्ल्यू. टेलर (B) एम. वेबर
(C) मेरी पार्कर (D) एल्टन मेयो

32. शैक्षिक नियोजन का संबंध किससे है ?
(A) शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम कार्य-पद्धति का चयन करना ।
(B) अध्यापकों की भरती करना ।
(C) नियत मानकों के आधार पर कार्य-निष्पादन की जाँच करना ।
(D) अधीनस्थ कर्मियों को अभिप्रेरित करना ।

33. विद्यालय पर्यवेक्षक का दायित्व है
(A) विद्यालय के विकास में सहायक होना ।
(B) कक्षा-अध्यापन का प्रेक्षण करना और यदि आवश्यक हो तो सुधार हेतु सुझाव देना ।
(C) अध्यापन-अधिगम सामग्री विकसित करना ।
(D) उपर्युक्त सभी

**34.** Which of the following statements has been advocated under Human Relation Approach ?
- (A) Human beings do more work if their supervisors are strict.
- (B) Human being attach importance to good interpersonal relations.
- (C) Money is the only key motivation for human beings.
- (D) None of the above

**35.** Which of the following is not the source of Educational Finance ?
- (A) Public Funds
- (B) Local Bodies Fund
- (C) Education cess
- (D) Relief Fund

**36.** Which of the following is not the technique of supervisor ?
- (A) School visits
- (B) Surprise visits
- (C) Annual visits
- (D) Excursion visits

**37.** The Father of Scientific Management Approach is
- (A) F.W. Taylor
- (B) Henry Fayol
- (C) St. Etienne
- (D) W. Willson

**38.** Who defined planning as "Deciding in advance what to do, how to do it, whom to do it and when to do it" ?
- (A) Max Weber
- (B) Elton Mayo
- (C) Koontz
- (D) F. Taylor

**39.** For effective results, the educational supervisor should follow which of the following approaches ?
- (A) Team Approach
- (B) Modern Approach
- (C) Traditional Approach
- (D) Administrative Approach

**40.** Teachers often put questions to students during and/or immediately after teaching a lesson so as to assess their learning and thereby to proceed to the next lesson. This an example of
- (A) Summative evaluation
- (B) Formative evaluation
- (C) Concurrent evaluation
- (D) Diagnostic evaluation

**41.** Teacher Eligibility Test conducted for selection of candidates for admission into teacher education institution is an example of
- (A) Placement test
- (B) Aptitude test
- (C) Attitude test
- (D) Achievement test

**42.** The examination conducted by the Central Board of Secondary Education (CBCE) can be categorized as
- (A) Norm Referenced Test
- (B) Criterion Referenced Test
- (C) Both (A) and (B)
- (D) Neither (A) nor (B)

**43.** Which of the following types of tools is most appropriate to assess one's interest in a particular phenomenon ?
- (A) Questionnaire (B) Scale
- (C) Test (D) Inventory

**44.** Which of the following is not related to item analysis ?
- (A) Item difficulty index
- (B) Item discrimination index
- (C) Reliability coefficient
- (D) Sensitivity of item to instructional effects

**45.** Miss Reema obtained grades in the subjects as follows in a 5 point scales : English – A; Mathematics – B; Science – D and Social Sciences – A. Her Grade Point Average (GPA) will be
- (A) 5 (B) 3
- (C) 4 (D) 3.5

**34.** मानव-संबंध उपागम के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस वक्तव्य का पक्षपोषण किया गया है ?

(A) यदि पर्यवेक्षक सख्त हो तो मनुष्य अधिक काम करता है ।

(B) मनुष्य उत्तम अन्तरवैयक्तिक संबंधों को महत्त्व देता है ।

(C) मनुष्य के लिए रुपया-पैसा एकमात्र अभिप्रेरक है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** निम्नलिखित में से कौन, शैक्षिक वित्त का स्रोत नहीं है ?

(A) सार्वजनिक कोष

(B) स्थानीय निकायों का कोष

(C) शिक्षा कर

(D) सहायता कोष

**36.** निम्नलिखित में से कौन पर्यवेक्षण की प्रविधि नहीं है ?

(A) विद्यालय का दौरा

(B) औचक दौरा

(C) वार्षिक दौरा

(D) एक्सकर्सन विजिट

**37.** वैज्ञानिक प्रबंधन का जनक है

(A) एफ. डब्ल्यू. टेलर

(B) हेनरी फेयोल

(C) सेंट एटिने

(D) डब्ल्यू. विल्सन

**38.** नियोजन की परिभाषा इस रूप में किसने दी है कि 'इसका पूर्व-निर्णय लेना कि क्या करना है, कैसे करना है, इसे किसे करना है और कब करना है' ?

(A) मैक्स वेबर (B) एल्टन मेयो

(C) कुंट्ज (D) एफ. टेलर

**39.** प्रभावशील परिणाम पाने के लिए पर्यवेक्षक को निम्नलिखित में से किस उपागम का अनुसरण करना चाहिए ?

(A) दल उपागम

(B) आधुनिक उपागम

(C) पारम्परिक उपागम

(D) प्रशासनिक उपागम

**40.** अध्यापक प्राय: पाठ पढ़ाने के दौरान और/या उसके तत्काल बाद विद्यार्थियों से प्रश्न पूछता है, ताकि उनके अधिगम का मूल्यांकन किया जा सके और उसके अनुसार अगला पाठ पढ़ाया जा सके । यह निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) संकलनात्मक मूल्यांकन

(B) निर्माणात्मक मूल्यांकन

(C) समवर्ती मूल्यांकन

(D) नैदानिक मूल्यांकन

**41.** अध्यापक शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों के चयन हेतु आयोजित किया जाने वाला अध्यापक पात्रता परीक्षण निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) नियोजन परीक्षण

(B) अभिक्षमता परीक्षण

(C) अभिवृत्ति परीक्षण

(D) उपलब्धि परीक्षण

**42.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं को निम्नलिखित में से किसके रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(A) मापदंड संदर्भित परीक्षण

(B) निकष संदर्भित परीक्षण

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) में से कोई नहीं

**43.** निम्नलिखित में से कौन सा तरीका किसी प्रघटना विशेष में किसी की रुचि का मूल्यांकन करने के लिए अत्यधिक समुचित है ?

(A) प्रश्नावली (B) मापनी

(C) परीक्षण (D) सूची

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा मद-विश्लेषण से संबंधित नहीं है ?

(A) मद दुर्बोधता सूचकांक

(B) मद विभेदन सूचकांक

(C) विश्वसनीयता गुणांक

(D) अध्यापन प्रयासों के लिए मद की संवेदनशीलता

**45.** कुमारी रीमा ने 5 बिंदु मापन में निम्नलिखित विषयों में इस प्रकार ग्रेड प्राप्त किए : अंग्रेजी में ए; गणित में बी; विज्ञान में डी और सामाजिक विज्ञान में ए । उसके ग्रेड बिंदु का औसत (जी पी ए) होगा

(A) 5 (B) 3

(C) 4 (D) 3.5

**46.** Which of the following is not related to analysis of qualitative data ?
(A) Axial coding
(B) Meta Analysis
(C) Rich thick description
(D) Writing memos

**47.** The formula for calculation of Intelligence Quotient (IQ) is
(A) $\frac{CA}{MA} \times 100$ (B) $\frac{MA}{CA} \times 100$
(C) $\frac{CA}{100} \times MA$ (D) $\frac{100}{MA} \times CA$

**48.** Norms are developed for the psychological tests at the time of their
(A) Translation
(B) Construction
(C) Standardization
(D) Administration

**49.** "Education Technology is the application of modern skills and techniques to the requirements of Education and Training." This was stated by
(A) Unwin
(B) T. Sakamato
(C) Leith
(D) Saetter

**50.** The important concept for developing the understanding and skills of teaching and training is
(A) Planning
(B) Demonstration
(C) Evaluation
(D) Task Analysis

**51.** Which is not true of interactive video ?
(A) Presentation of video pictures
(B) Presentation of CAI materials
(C) Use of principles of programmed instruction
(D) Learning becomes meaningful rather than instructional

**52.** What is the verbal component of a poster ?
(A) Visual
(B) Caption
(C) Pictorial
(D) All of the above

**53.** External programmed instruction is also known as
(A) linear programmed instruction
(B) internal programmed instruction
(C) interpretive programmed instruction
(D) crowderian programmed instruction

**54.** Which of the following is not a component of basic teaching model ?
(A) Instructional objectives
(B) Instructional procedures
(C) Instructional assessment
(D) Performance assessment

**55.** Match Column – A with Column – B :

| Column – A | Column – B |
|---|---|
| a. Audio-visual aids | i. Software |
| b. Behaviour technology | ii. Hardware |
| c. Programmed instruction | iii. Management technology |
| d. Training psychology | iv. System analysis |
| | v. Internet |

**Codes :**
(A) a and i (B) a and ii
(C) c and iv (D) d and i

**56.** Which of the following element contributes to educational achievement of distance learners ?
(A) Student assignment response
(B) Course material
(C) Personal contact programme
(D) All of the above

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा गुणात्मक आँकड़ा विश्लेषण से संबंधित नहीं है ?

(A) अक्षाकार संकेतीकरण

(B) अधि विश्लेषण (Meta Analysis)

(C) पूर्णतया सघन विवरण

(D) ज्ञापन लेखन

**47.** बुद्धिलब्धि (आई क्यू) के परिकलन का सूत्र है

(A) $\frac{\text{सी ए}}{\text{एम ए}} \times 100$ (B) $\frac{\text{एम ए}}{\text{सी ए}} \times 100$

(C) $\frac{\text{सी ए}}{100} \times \text{एम ए}$ (D) $\frac{100}{\text{एम ए}} \times \text{सी ए}$

**48.** मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के लिए मापदंड उनकी निम्नलिखित अवस्था में विकसित किए जाते हैं :

(A) अनुवाद के समय

(B) निर्माण के समय

(C) मानकीकरण के समय

(D) संचालन के समय

**49.** "शैक्षिक प्रौद्योगिकी, शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकताओं के लिए आधुनिक कौशल और प्रविधि का अनुप्रयोग है ।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(A) अनविन (B) टी. साकामातो

(C) लेथ (D) सेटर

**50.** शिक्षण और प्रशिक्षण की समझ और कौशलों के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण संकल्पना है

(A) योजना

(B) निदर्शन

(C) मूल्यांकन

(D) कार्य विश्लेषण

**51.** अन्योन्यक्रियात्मक वीडियो का निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) वीडियो चित्रों का प्रस्तुतिकरण

(B) सी ए आई सामग्री का प्रस्तुतिकरण

(C) तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुदेश के सिद्धांतों का उपयोग

(D) अधिगम, शिक्षण की तुलना में सार्थक हो जाता है ।

**52.** किसी पोस्टर का शाब्दिक घटक क्या है ?

(A) दृश्य (B) शीर्षक

(C) चित्ररूप (D) उपर्युक्त सभी

**53.** बाह्य प्रोग्रामन अनुदेशों को निम्नलिखित रूप में भी जाना जाता है :

(A) रेखीय प्रोग्रामन अनुदेश

(B) आंतरिक प्रोग्रामन अनुदेश

(C) अन्योन्यक्रियात्मक प्रोग्रामन अनुदेश

(D) क्राउडेरियन प्रोग्रामन अनुदेश

**54.** निम्नलिखित में से कौन सा आधारिक अध्यापन मॉडल का घटक नहीं है ?

(A) शिक्षण का उद्देश्य

(B) शिक्षण की प्रक्रिया

(C) शिक्षण का मूल्यांकन

(D) कार्यनिष्पादन मूल्यनिरूपण

**55.** कॉलम - A को कॉलम - B के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **कॉलम – A** | | **कॉलम – B** |
|---|---|---|---|
| a. | श्रव्य-दृश्य साधन | i. | साफ्टवेयर |
| b. | व्यवहार प्रौद्योगिकी | ii. | हार्डवेयर |
| c. | तैयार किए गए कार्यक्रम के अनुदेश | iii. | प्रबंधन प्रौद्योगिकी |
| d. | प्रशिक्षण मनोविज्ञान | iv. | प्रणाली विश्लेषण |
| | | v. | इन्टरनेट |

**कूट :**

(A) a और i (B) a और ii

(C) c और iv (D) d और i

**56.** दूरवर्ती शिक्षार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में निम्नलिखित में से कौन सा तत्त्व योगदान देता है ?

(A) विद्यार्थी को दिए गए कार्य का उत्तर

(B) पाठ्यक्रम की सामग्री

(C) व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम

(D) उपर्युक्त सभी

**57.** Which of the following statement is incorrect about microteaching ?
(A) It is a method of teaching.
(B) It consists of core teaching skills.
(C) Each skill is practised separately.
(D) Questioning is one component of microteaching.

**58.** Most important challenge in teaching a resource teacher is
(A) identification and assessment of the disabled children
(B) teaching plus curricular activities
(C) sensitization of public, parents and peer groups.
(D) establishing resource room and supplying assistive devices.

**59.** According to Rehabilitation Council of India, teacher-pupil ratio in teaching for the visually impaired children in a integrated education programme is
(A) 1 : 10 (B) 1 : 8
(C) 1 : 6 (D) 1 : 1

**60.** In List – I the name of the National and International Acts, declarations are given and in List – II year regarding the Declarations and Acts are given. Match the List – I with List – II in correct order :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. International Year of the Disabled People (IYDP) | i. 1990 |
| b. World Conference on Education for All (EFA) | ii. 1992 |
| c. Pupil with Disabilities Act (PWD) | iii. 1995 |
| d. Rehabilitation Council of India Act (RCI) | iv. 1981 |
| | v. 1986 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | v |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**61.** "There are three preventive activities, received from public regarding mentally retarded children." Which of the following is incorrect one ?
(A) Providing necessary advertisement through National Institute for Mentally Retarded Children.
(B) Dissemination of available knowledge on ecology of mentally retarded through public media like newspapers, radio, television etc.
(C) To bring together the parents and the interested person or public to mobilize their efforts to channalise funds and family.
(D) Strengthening National level organizations to coordinate and disseminate the efforts.

**62.** The children with disabilities studying along with normal children in a least restrictive environment programme assisted by a resource teacher is known as
(A) Special School Programme
(B) Integrated Education Programme
(C) Inclusive Education Programme
(D) None of the above

**63.** Legal Blindness is defined as
(A) 20/180 visual acuity in the better eye after best correction
(B) 20/70 visual acuity in the better eye after best correction
(C) 20/200 visual acuity in the better eye after best correction
(D) 20/100 visual acuity in the better eye after best correction

**64.** Apex body for the hearing impaired in India is
(A) Teacher training centre of little flower convent
(B) Rehabilitation Council of India
(C) The All India Institute of Speech and Hearing
(D) Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped

**57.** सूक्ष्म-अध्यापन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) यह अध्यापन की विधि है ।

(B) इसमें मूल अध्यापन कौशल है ।

(C) प्रत्येक कौशल का अलग-अलग अभ्यास किया जाता है ।

(D) प्रश्न-पूछना सूक्ष्म-अध्यापन का एक घटक है ।

**58.** विशेषज्ञ अध्यापक के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौती है

(A) नि:शक्त बच्चों की पहचान और मूल्यांकन

(B) अनुकल्प पाठ्यक्रियात्मक क्रियाकलाप का अध्यापन

(C) जनता, माता-पिता और समकक्ष समूह का संवेदीकरण

(D) विशेषज्ञ कक्ष सेवा और सहायक साधनों को स्थापित करना ।

**59.** भारतीय पुनर्वास परिषद् के अनुसार एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम में दृष्टि-बाधित बच्चों के अध्यापन में अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात है

(A) 1 : 10 (B) 1 : 8

(C) 1 : 6 (D) 1 : 1

**60.** सूची - I में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अधिनियम और घोषणाएँ दी गई हैं और सूची - II में उन घोषणाओं और अधिनियमों के वर्ष दिए गए हैं । सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. अंतर्राष्ट्रीय नि:शक्त जन वर्ष (आई.वाई.डी.पी.) | i. 1990 |
| b. सबके लिए शिक्षा संबंधी विश्व सम्मेलन (इ एफ ए) | ii. 1992 |
| c. नि:शक्तता वाले विद्यार्थी (पी.डब्ल्यू.डी.) अधिनियम | iii. 1995 |
| d. भारतीय पुनर्वास परिषद (आर.सी.आई.) अधिनियम | iv. 1981 |
| | v. 1986 |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | v |
| (B) | iii | ii | iv | i |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**61.** तीन ऐसे निवारक क्रियाकलाप हैं जिन्होंने मंदितमना बच्चों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित किया है । निम्नलिखित में से कौन गलत है ?

(A) मानसिक रूप से मंदित बालकों के राष्ट्रीय संस्थान के माध्यम से आवश्यक विज्ञापन देना ।

(B) समाचार-पत्र, रेडियो, टेलीविजन आदि जैसे सार्वजनिक मीडिया के माध्यम से मंदितमना बालकों की पारिस्थितिकी संबंधी जानकारी का प्रसार ।

(C) निधि और परिवार को शृंखलाबद्ध करने के लिए अपने प्रयास करने हेतु माता-पिता और हितबद्ध जनता को एक स्थान पर लाना ।

(D) प्रयासों का समन्वय करने और प्रसार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संगठनों को सुदृढ़ करना ।

**62.** सामान्य बच्चों के साथ पढ़ने वाले नि:शक्त बच्चों का ऐसा न्यूनतम प्रतिबंधित पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम, जिसे विशेषज्ञ अध्यापक द्वारा सहयोग दिया जाता है, होता है

(A) विशेष विद्यालय कार्यक्रम

(B) एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम

(C) समावेशी शिक्षा कार्यक्रम

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** विधिक अंधता को निम्नलिखित के रूप में परिभाषित किया गया है :

(A) सर्वोत्तम सुधार के बाद बेहतर आँख में 20/180 दृष्टि तीव्रता

(B) सर्वोत्तम सुधार के बाद बेहतर आँख में 20/70 दृष्टि तीव्रता

(C) सर्वोत्तम सुधार के बाद बेहतर आँख में 20/200 दृष्टि तीव्रता

(D) सर्वोत्तम सुधार के बाद बेहतर आँख में 20/100 दृष्टि तीव्रता

**64.** श्रवण-बाधिता के लिए सर्वोच्च निकाय है

(A) लिटिल फ्लावर कान्वेंट का अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र

(B) भारतीय पुनर्वास परिषद्

(C) अखिल भारतीय वाक् और श्रवण संस्थान

(D) अली यावर जंग राष्ट्रीय श्रवण-बाधिता संस्थान

**65.** The most important challenge in Rehabilitation intervention programme is

(A) maintaining the full mobility or range of movement of the joints.

(B) improving the muscle power in the affected limbs.

(C) restoring the function of the affected limb by appropriate training.

(D) providing splints or callipers if needed.

**66.** Match the following List – I with List – II in correct order :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Weakness of one half of body | i. | Monopolegia |
| b. | Weakness of one limb | ii. | Paraplegia |
| c. | Weakness of all four limbs including trunk | iii. | Hemiplegia |
| d. | Weakness of both lower limbs | iv. | Quadriple |
| | | v. | Diabetic |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | v |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | i | ii | iii | v |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**67.** "Destiny of India is being shaped in her classroom." This is stated in

(A) Education Commission (1964-1966)

(B) National Policy on Education (1986)

(C) National Knowledge Commission (2005)

(D) University Education Commission (1948-49)

**68.** National Education Day is observed on Nov.-11 every year in memory of

(A) Sarvapalli Radhakrishnan

(B) Maulana Abul Kalam Azad

(C) Zakir Hussain

(D) Mahatma Gandhi

**69.** 'Accreditation' of Teacher Education Institution is done by

(A) NCERT (B) NCTE

(C) NAAC (D) NUEPA

**70.** Integrated Teacher Education Programmes are offered by

(A) Self-financing colleges of Education

(B) Open Universities in India

(C) State Institutes of Education

(D) Regional Institutes of Education

**71.** Match the following :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Personalised System of Education | i. | Keller |
| b. | Cone of Experience | ii. | Edgar Dale |
| c. | Programmes Instruction | iii. | Herbart |
| d. | Didactic Apparatus | iv. | Skinner |
| | | v. | Crowder |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | v |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | iii | ii | v |

**72.** The most important single factor of success for a teacher in the beginning of teaching career is

(A) Personality and ability to adjust to classroom

(B) Positive attitude and outlook towards life

(C) Verbal fluency and organizational ability

(D) Competence and professional ethics

**73.** When the children become mischievous and disobedient in the classroom, the teacher should examine

(A) Home background of the students

(B) Influence of outside elements in class

(C) Teaching methods and subject knowledge

(D) Co-curricular and other attractions in the school

**74.** Teachers working with children with disabilities must register their names with

(A) NCTE (B) RIE

(C) NCERT (D) RCI

**75.** Task analysis in teaching requires

(A) Content and Pedagogy

(B) Technology and Evaluation

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

**65.** पुन:स्थापन कार्य में सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौती है
(A) जोड़ों की पूरी गतिशीलता या गति की सीमा ।
(B) प्रभावित अंग में माँसपेशियों की शक्ति में सुधार होना ।
(C) समुचित प्रशिक्षण द्वारा प्रभावित अंग का कार्य करना ।
(D) यदि आवश्यक हो तो खपची या कैलिपर लगाना ।

**66.** निम्नलिखित सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | आधे शरीर की दुर्बलता | i. | एकांगघात |
| b. | एक अंग की दुर्बलता | ii. | अधरांगघात |
| c. | धड़ सहित सभी चार अंगों की दुर्बलता | iii. | पक्षाघात |
| d. | दोनों निचले अंगों की दुर्बलता | iv. | चतुरंगघात |
| | | v. | मधुमेह-रोगी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | v |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | i | ii | iii | v |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**67.** भारत की नियति उसकी कक्षाओं में आकार-ग्रहण कर रही है (डेस्टिनी ऑफ इंडिया इज टेकिंग शेप इन हर क्लासरूम) यह किसमें कहा गया है ?
(A) शिक्षा आयोग (1964-1966)
(B) शिक्षा की राष्ट्रीय नीति (1986)
(C) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (2005)
(D) विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948-49)

**68.** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 11 नवम्बर को किसकी स्मृति में मनाया जाता है ?
(A) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(B) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(C) जाकिर हुसैन
(D) महात्मा गांधी

**69.** अध्यापक शिक्षा संस्थानों का प्रत्यायन किसके द्वारा किया जाता है ?
(A) एन.सी.ई.आर.टी. (B) एन.सी.टी.ई.
(C) एन.ए.ए.सी. (D) एन.यू.ई.पी.ए.

**70.** समाकलित अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम किसके द्वारा प्रदान किया जाता है ?
(A) शिक्षा के स्व-वित्तपोषित महाविद्यालयों द्वारा
(B) भारत के मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा
(C) राज्य शिक्षा संस्थानों द्वारा
(D) क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा

**71.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | शिक्षा की व्यष्टिकृत प्रणाली | i. | केलर |
| b. | अनुभव-शंकु | ii. | एडगर डेल |
| c. | योजनाबद्ध अनुदेश | iii. | हर्बर्ट |
| d. | उपदेशात्मक उपकरण | iv. | स्किनर |
| | | v. | क्राउडर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | v |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | iii | ii | v |

**72.** अध्यापन व्यवसाय के आरम्भ में अध्यापक की सफलता का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एकल कारक है
(A) व्यक्तित्व तथा कक्षा से समायोजन की योग्यता
(B) जीवन के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति तथा दृष्टिकोण
(C) मौखिक प्रवाह तथा संगठनात्मक योग्यता
(D) सक्षमता तथा व्यावसायिक आचार

**73.** जब बच्चे कक्षा में शरारती तथा अवज्ञाकारी हो तो अध्यापक को जाँचना चाहिए
(A) छात्रों की घरेलू पृष्ठभूमि
(B) कक्षा में बाहरी तत्त्वों का प्रभाव
(C) अध्यापन विधियाँ तथा विषय-ज्ञान
(D) विद्यालय में सह-पाठ्यकारी तथा अन्य आकर्षण

**74.** अक्षमतापूर्ण बच्चों के साथ कार्य करने वाले अध्यापक को उनके नाम किसके साथ पंजीकृत कराना चाहिए ?
(A) एन.सी.टी.ई. (B) आर.आई.ई.
(C) एन.सी.ई.आर.टी. (D) आर.सी.आई.

**75.** अध्यापन में कार्य विश्लेषण (टास्क एनालिसिस) में आवश्यकता होती है
(A) अंतर्वस्तु तथा शिक्षणशास्त्र
(B) प्रौद्योगिकी तथा मूल्यांकन
(C) (A) तथा (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से किसी की नहीं

**Space For Rough Work**